दिन– शुक्रवार दिनांक– 10 / 07 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज संतानवे लाख चौरासी हजार से अधिक लाभार्थियों के खाते में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की राशि डीबीटी के माध्यम से भेजेंगे।

02. प्रदेश में आपसी समझौते के आधार पर सुलझने वाले ट्रैफिक चालानों का निपटारा स्थायी लोक अदालत में होगा।

03. राष्ट्रीय महिला आयोग ने आई.वी.एफ केंद्रों को नियंत्रित करने वाले नियमों और कानूनों की समीक्षा के लिए उच्च–स्तरीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया।

04. और, चीन में चल रही एशियाई अंडर ट्वेंटी–थ्री एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मोतिहारी के सेतु मिश्रा ने चार गुना चार सौ मीटर मिक्सड रिले का स्वर्ण पदक जीता।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज समाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत संतानवे लाख चौरासी हजार से अधिक लाभार्थियों के खाते में एक हजार चार सौ तेईस करोड़ रूपये की राशि को डीबीटी के माध्यम से भेजेंगे। छह योजनाओं के प्रत्येक लाभुक को ग्यारह–ग्यारह सौ रूपये का भुगतान किया जायेगा। मुख्यमंत्री आवास में आयोजित वितरण समारोह में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और बिजेन्द्र प्रसाद यादव तथा समाज कल्याण मंत्री श्वेता गुप्ता मौजूद रहेंगी। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने प्रत्येक महीने की दस तारीख को पेंशन भुगतान करना सुनिश्चित किया है।

---

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में सीमावर्ती जिलों के पुलिस अधीक्षकों के सम्मेलन की अध्यक्षता की। इस सम्मेलन में बिहार, जम्मू–कश्मीर, पंजाब, उत्तराखंड, राजस्थान, गुजरात, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर राज्यों सहित सीमावर्ती राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पुलिस अधीक्षकों ने भाग लिया। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से..

–––साउंड बाईट–––

---

प्रदेश में आपसी समझौते के आधार पर सुलझने वाले ट्रैफिक चालानों का निपटारा स्थायी लोक अदालत में होगा। बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार ने सभी

जिला विधिक सेवा प्राधिकारों को इस संबंध में पत्र जारी किया है। पत्र के अनुसार पटना उच्च न्यायालय के निर्देश के आलोक में भारी पैमाने पर लम्बित ट्रैफिक चालानों के मद्देनजर यह व्यवस्था की गयी है। इसके तहत जिला परिवहन अधिकारी, यातायात पुलिस और संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित किया जायेगा।

---

केंद्र सरकार ने लोगों से फर्जी ट्रैफिक चालान से सावधान रहने की अपील की है। पत्र सूचना कार्यालय– पीआईबी की फैक्ट चेक इकाई के अनुसार एसएमएस या व्हाट्सएप के माध्यम से मिलने वाले ट्रैफिक चालान के लंबित होने के संदेशों को आधिकारिक पोर्टल ई–चालान डॉट परिवहन डॉट जीओवी डॉट इन पर सत्यापित करें। पीआईबी ने कहा है कि फर्जी संदेशों के जरिये पहुंचे लिंक पर क्लिक करने से साइबर ठगों द्वारा ओटीपी चोरी किया जा सकता है या बैंक खाते या यूपीआई से अनधिकृत लेनदेन हो सकता है। पीआईबी ने लोगों को ऐसे लिंक नहीं खोलने की सलाह दी है।

---

परिवहन विभाग राज्यभर के निजी स्कूली वाहनों का लेखा–जोखा रखने के लिए इसी महीने एक पोर्टल लॉन्च करेगा। विभाग के सचिव राज कुमार ने बताया कि इस पोर्टल पर सभी स्कूल अपना पंजीयन करायेंगे। पोर्टल पर वाहन और उसके चालकों का पूरा विवरण भी दर्ज होगा। पोर्टल के माध्यम से वाहनों के फिटनेस और बीमा पर भी नजर रखी जायेगी। सचिव ने कहा कि स्कूली वाहनों को लोकेशन ट्रैकिंग सिस्टम से जोड़ा जायेगा। इस संबंध में सभी यातायात पुलिस अधीक्षक और जिला परिवहन अधिकारियों को निर्देश भेज दिये गये हैं।

---

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि सरकार ई–एटीफाईव ईंधन लाने की योजना बना रही है, जो मानक ई–ट्वेंटी पेट्रोल से लगभग बीस रुपये प्रति लीटर सस्ता होगा। उन्होंने कहा कि ई–एटीफाईव केवल उन वाहनों के लिए उपलब्ध होगा जो विशेष रूप से इस ईंधन के उपयोग के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। एक निजी समाचार चैनल को दिए साक्षात्कार में पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि प्रस्तावित कदम का उद्देश्य उपभोक्ताओं को आर्थिक राहत प्रदान करना और साथ ही सरकार के इथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम को आगे बढ़ाना है। उन्होंने व्यापक जैव ईंधन नीति का बचाव करते हुए इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल से इंजन को होने वाले नुकसान और वाहन के प्रदर्शन से संबंधित चिंताओं को खारिज कर दिया।

---

राष्ट्रीय महिला आयोग ने आई.वी.एफ केंद्रों को नियंत्रित करने वाले नियमों और कानूनों की समीक्षा के लिए एक उच्च–स्तरीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया है। इस समिति का गठन सहायक प्रजनन प्रौद्योगिकी – एआरटी क्षेत्र में अनियमितताओं के कारण किया गया। यह समिति आईवीएफ क्लीनिक, एआरटी केंद्रों और गैमीट बैंकों को नियंत्रित करने वाले नियामक ढांचे और संबंधित कानूनों की व्यापक समीक्षा करेगी। इसमें महिलाओं के प्रजनन अधिकारों, गरिमा और सुरक्षा की रक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। दिल्ली उच्च न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश, न्यायमूर्ति आशा मेनन इस विशेषज्ञ समिति की अध्यक्षता करेंगी।

---

उपराष्ट्रपति डॉक्टर सी.पी. राधाकृष्ण दो दिवसीय दौरे पर कल बिहार आ रहे हैं। वे विधानसभा के मॉनसून सत्र से पहले ग्यारह और बारह जुलाई को गयाजी में विधायकों के दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत्त सैयद अता हसनैन और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित होंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने बताया कि विधानसभा सचिवालय लोकसभा के प्राईड और बिपार्ड के संयुक्त तत्वावधान में यह कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम में प्रशिक्षक विधानसभा सदस्यों को विधायी कार्यों के विभिन्न पहलुओं की जानकारी देंगे।

---

उपमुख्यमंत्री सह जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने नदियों में कटाव निरोधक कार्य को एक सप्ताह के अंदर पूरा करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने विभागीय समीक्षा बैठक में तटबंधों की नियमित और प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने और वरीय अधिकारियों को लगातार स्थल निरीक्षण करने को भी कहा है। श्री चौधरी ने संवेदनशील स्थानों पर बाढ़ निरोधी कार्यों के लिए पर्याप्त मात्रा में आवश्यक सामग्री के भण्डारण के निर्देश भी दिये।

---

राज्य सरकार बाढ़ से पूर्व सटीक समयबद्ध और विश्वसनीय सूचना आम लोगों तक पहुंचाने के लिए कई स्तरों पर पहल कर रही है। इस संबंध में बिहार मौसम सेवा केन्द्र, भारतीय मौसम विभाग और आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों की बैठक हुई। जिसमें बाढ़ संबंधी पूर्व चेतावनी प्रणाली को अधिक प्रभावी, समन्वित और तकनीकी रूप से मजबूत बनाने के निर्देश दिये गये हैं। इस संबंध में बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने कहा है कि राज्य में बाढ़ से एक भी जान नहीं जाने देने के संकल्प के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए संबंधित कार्य योजना तैयार की जायेगी। साथ ही राज्य

आपातकालीन संचालन केन्द्र–एसईओसी के माध्यम से एकीकृत पूर्व चेतावनी प्रणाली को विकसित किया जायेगा।

———————————————————

मौसम विभाग ने आज पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण, मुजफ्फरपुर और दरभंगा जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं, कटिहार, बांका, भागलपुर और खगड़िया समेत दक्षिण–पूर्व जिलों में कुछ स्थानों पर आंधी और वज्रपात की आशंका है। इस दौरान राज्य के अन्य जिलों में भी हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है।

–––साउंड बाइट––––

इधर, विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटे के दौरान कटिहार के अमदाबाद में सबसे अधिक एक सौ आठ दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई।

———————————————————

ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली ख़ामेनेई को आज मशहद शहर में इमाम रज़ा की दरगाह पर सुपुर्द–ए–खाक किया गया। अंतिम यात्रा और जनाज़े की नमाज़ में लाखों लोगों ने हिस्सा लिया। ईरान के सरकारी मीडिया के अनुसार, भारी भीड़ के कारण ताबूत को हवाई मार्ग से दरगाह तक पहुंचाया गया। अंतिम यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में लोग श्रद्धांजलि देने पहुंचे। अंतिम संस्कार कार्यक्रमों में बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत्त सैयद अता हसनैन और विदेश राज्य मंत्री पबित्र मार्घेरीटा ने भारत का प्रतिनिधित्व किया था।

———————————————————

भागलपुर जिले के कहलगांव अनुमंडल के सभी चौरासी उच्च माध्यमिक विद्यालयों में प्रत्येक महीने के आखिरी शनिवार को शक्ति संवाद आयोजित किया जाएगा। जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय शारदा पाठशाला, कहलगांव में इस कार्यक्रम का उद्‌घाटन करेंगी। इस अवसर पर अन्य विद्यालयों में महिला पदाधिकारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर छात्राओं से सीधा संवाद करेंगी। इस दौरान वे छात्राओं को जीवन कौशल, अधिकारों और भविष्य निर्माण से जुड़े विषयों पर मार्गदर्शन देंगी।

———————————————————

प्रदेश के सेतु मिश्रा ने चीन के ओरदोस में चल रही पहली एशियाई अंडर टेवेंटी–थ्री एथलेटिक्स चैंपियनशिप में चार गुना चार सौ मीटर मिक्सड रिले का स्वर्ण

पदक जीत लिया है। मोतिहारी के सेतु मिश्रा के अलावा आस्तिक प्रसाद और दो महिला धावक सान्द्रमोल साबू तथा श्रावणी सचिन सांगले की चौकड़ी ने दौड़ तीन मिनट अठारह सैंकंड और चौंसठ नैनो सैंकड में पूरी की। सेतु मिश्रा चार सौ मीटर पुरुष दौड़ में भी भाग लेंगे। इधर, प्रतियोगिता में पुरुषों की सौ मीटर दौड़ में प्रदेश के ही विभास्कर कुमार हीट में चौथे स्थान पर रहे। वहीं, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल करने पर सेतु मिश्रा को बधाई दी है।

---

ब्रिस्टल में मेजबान इंग्लैंड के साथ चौथे टी–ट्वेंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में कल रात भारत को नौ विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड ने तीन–शून्य की अजेय बढ़त बनाकर पांच मैचों की श्रृंखला पर कब्ज़ा कर लिया है। टी–ट्वेंटी श्रृंखला में यह भारतीय टीम की लगातार दूसरी हार है। दोनों टीमें कल साउथेम्प्टन में श्रृंखला का पांचवां और अंतिम मैच खेलेंगी। इसके बाद, भारत चौदह जुलाई से इंग्लैंड के साथ तीन मैचों की एक दिवसीय श्रृंखला खेलेगा।

---

पूर्व मध्य रेलवे ने यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर चलायी जा रही ग्यारह जोड़ी स्पेशल ट्रेनों की परिचालन अवधि में विस्तार किया है। मुख्य जनसम्पर्क पदाधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि इनमें पुणे–दानापुर स्पेशल ट्रेन, बरौनी–नई दिल्ली क्लोन स्पेशल, दरभंगा–नई दिल्ली क्लोन स्पेशल और दानापुर–आनंद विहार स्पेशल समेत अन्य ट्रेनें शामिल हैं।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी अखबारों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के हवाले से लिखा है– बिहार में एक करोड़ नये राशन कार्ड बनेंगे, खाद्यान्न का भण्डारण सुनिश्चित होगा।

दैनिक जागरण ने रेलवे बोर्ड से जुड़ी खबर पर लिखा है– रेलवे में अनुकम्पा पर नियुक्त आश्रित भी ओपीएस के हकदार।

दैनिक भास्कर ने ईओयू की कार्रवाई पर लिखा है– उत्पाद निरीक्षक ने इक्कीस साल की नौकरी में दो करोड़ छत्तीस लाख की अवैध सम्पत्ति बनाई।

प्रभात खबर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर लिखा है– ऑस्ट्रेलिया से यूरेनियम खरीदेगा भारत, ग्यारह सौ गीगावाट परमाणु ऊर्जा का लक्ष्य।

राष्ट्रीय सागर लिखता है– टेंडर घोटाला में रिशु श्री की याचिका खारिज।

आज अखबार की सुर्खी है– पटना स्थित एएन सिन्हा इंस्टीट्यूट बनेगा विश्वविद्यालय।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज संतानवे लाख चौरासी हजार से अधिक लाभार्थियों के खाते में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की राशि डीबीटी के माध्यम से भेजेंगे।

02. प्रदेश में आपसी समझौते के आधार पर सुलझने वाले ट्रैफिक चालानों का निपटारा स्थायी लोक अदालत में होगा।

03. राष्ट्रीय महिला आयोग ने आई.वी.एफ केंद्रों को नियंत्रित करने वाले नियमों और कानूनों की समीक्षा के लिए उच्च–स्तरीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया।

04. और, चीन में चल रही एशियाई अंडर ट्वेंटी–थ्री एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मोतिहारी के सेतु मिश्रा ने चार गुना चार सौ मीटर मिक्सड रिले का स्वर्ण पदक जीता।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।